तीसरी नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा नंबर वन

चर्चा में क्यों?

27-30 नवंबर तक उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित तीसरी नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के साथ हरियाणा की टीम पहले स्थान पर रही।

प्रमुख बिंदु

- हरियाणा से इस प्रतियोगिता में 228 पुरुष और 46 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। हरियाणा की टीम का नेतृत्व मास्टर्स एथलीट एसोसिएशन महासचिव महावीर तालियान ने किया।
- इस प्रतियोगिता में करनाल से 23 पुरुष और 5 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। 20 खिलाड़ियों ने कुल 32 मेडल जीते, जिनमें से 9 गोल्ड, 11 सिल्वर तथा, 12 ब्रॉन्ज हैं।
- विजेता खिलाड़ियों में 85 प्लस आयुवर्ग में धरमचंद घोघड़ीपुर ने 3 गोल्ड और 7 सिल्वर मेडल हासिल किये। इसी तरह 70 प्लस आयुवर्ग में ओमप्रकाश ने गोल्ड व सिल्वर, 68 प्लस आयुवर्ग में महावीर तालियान ने सिल्वर व ब्रॉन्ज, 65 प्लस आयुवर्ग में जोगिंदर सिंह ने सिल्वर, 60 प्लस आयुवर्ग में श्याम सिंह नरवाल ने गोल्ड, 55 प्लस आयुवर्ग मुकाबलों में महाबीर सिंह ने ब्रॉन्ज, 50 प्लस आयुवर्ग में सलिंदर सिंह ने सिल्वर, जतिंदर सिंह कमांडो ने ब्रॉन्ज, राजेश कुमार खन्ना ने सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है।
- 50 प्लस आयुवर्ग में सतीश राणा ने ब्रॉन्ज मेडल, 45 प्लस में कश्मीर सिंह ने सिल्वर, 40 प्लस में भोलाराम ने ब्रॉन्ज व सिल्वर, प्रमोद कुमार पीटीआइ ने सिल्वर, अमित कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। वहीं 40 प्लस आयुवर्ग में राजेश कुमारी ने गोल्ड, यशवंती ने सिल्वर, संगीता ने गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज, ममता देवी ने दो ब्रॉन्ज और रेणु ने गोल्ड व ब्रॉन्ज मेडल जीत कर ज़िले की शान बढ़ाई है।
- इस चैंपियनशिप में दादरी ज़िले के खिलाड़ियों का भी शानदार प्रदर्शन रहा। इस राष्ट्रीय स्पर्धा में कई खेलों में दादरी ज़िले से 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें इन खिलाड़ियों ने 11 स्वर्ण, 3 रजत एवं 4 कांस्य पदक प्राप्त किये हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-number-one-in-3rd-national-masters-athletics-championship